<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव को लोकसभा ने ध्वनी मत से किया खारिज। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए खेदजनक।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित। चित्रकूट और अमरोहा जिले के ग्राम प्रधानों को भी मिला सम्मान।
- सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 12 वर्ष से अधिक समय से कोमा में रह रहे गाजियाबाद के हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की दी अनुमति।
- प्रदेश भर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में अप्रैल से शुरू की जाएगी एक चेहरा पहचान प्रणाली–एफ़आरएस।

**********

लोकसभा ने कल अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव को ध्वनी मत से खारिज कर दिया। प्रस्ताव पर हुए चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की निष्ठा पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लगभग चार दशक के बाद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। श्री शाह ने कहा कि यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए खेदजनक है।

***स्पीकर जब निर्णय देते हैं वह निर्णय हो सकता है हमें भी अनुकूल न हो, हो सकता है विपक्ष को भी अनुकूल न हो, इसके पर मंतव्य तो सभी सदस्यों का हो सकता है, मगर स्पीकर के निर्णय पर शंका नहीं कर सकते, इनकी निष्ठा पर शंका नहीं कर सकते हो आप। विपक्ष अगर निर्णय की निष्ठा पर सवाल खड़ा करता है, तो मान्यवर ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।***

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में जल महोत्सव 2026 के तहत एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। चित्रकूट की मनकुंवार ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान रचना देवी, छिवलहा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान देव स्वरूप तथा अमरोहा जिले के ग्राम कुंदरकी भूड़ की प्रधान बेबी त्यागी भी सम्मान पाने वालों में शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

***हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं देखना चाहिए, कहा जाता है कि जल है तो कल है। अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें जल संरक्षण को अपने व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। यह हर्ष का विषय है की 8 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित किए जा रहे जल महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।***

**********

पंचायती राज मंत्रालय के 'सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान' के तहत कल नई दिल्ली में पंचायतों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का एक–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश से इस सम्मेलन में 135 महिला प्रधानों ने प्रतिभाग कर प्रदेश की सशक्त पंचायत व्यवस्था और महिला नेतृत्व की प्रभावशाली भूमिका को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। अमरोहा की ग्राम पंचायत फौलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव को इस कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। मनु यादव ने इसके लिए पंचायती राज मंत्रालय और राज्य सरकार का आभार जताया।

***जिला प्रशासन अमरोहा का, उत्तर प्रदेश सरकार का और पंचायती राज मंत्रालय का दिल से आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने पंचायत स्तर पर कार्य करने वाली महिला को राष्ट्रीय मंच पर लाकर सम्मानित होने का अवसर दिया और अपनी बात ग्राम पंचायत के स्तर से और गांव के स्तर से राष्ट्र मंच पर रखने का अवसर प्रदान किया। उसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद।***

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है और देश के कच्चे तेल के आयात का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से आ रहा है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया संघर्ष पर अंतर मंत्रालयी बैठक में सुश्री सुजाता ने कहा कि सरकार के प्रयासों से घरेलू एलपीजी उत्पादन 25 प्रतिशत बढ गया है।

***भारत सरकार ने रिफाइनरीज और पेट्रोकेमिकल कंपलेक्स को एलपीजी उत्पादन को मैक्सिमाइज करने का आदेश दिया। इन सभी प्रयासों की वजह से हमारा डॉमेस्टिक एलपीजी प्रोडक्शन हेज इंक्रीजड बाय 25 प्रतिशत।***

इस बीच, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि सरकार खाना पकाने की गैस के आयात को सुचारू और निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कंपनी ने कहा कि मौजूदा भू–राजनीतिक स्थिति और आयात को प्रभावित करने वाली नाकेबंदी के कारण, खाना पकाने की गैस का व्यापक वितरण सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध आपूर्ति को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया जा रहा है।

**********

नोबेल पुस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने कल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। एक रिपोर्ट–

*मुलाकात के दौरान नोबेल पुस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मैटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संम्भावनाओं पर चर्चा हुई। श्री नोवोसेलोव ने निवेश के लिए प्रदेश के साकारात्मक माहौल की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि नोबेल पुरस्कार विजेता श्री नोवोसेलोव ग्रैफिन की खोज के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।*

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले 12 वर्षों से अधिक समय से कोमा में रह रहे गाजियाबाद के हरीश राणा के कृत्रिम जीवन रक्षक यंत्र को हटाने की अनुमति दे दी। पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र रहे हरीश राणा को 2013 में पीजी की चौथी मंजिल से गिरने के बाद सिर में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण वह कोमा रहे। हरीश के मामले में देश में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किसी को निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति दी गयी है। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने सबके सहयोग के लिए आभार जताया।

*हम धन्यवाद करते हैं। उन अभिवक्ताओं का भी, उन मुख्य चिकित्सकों का भी सहयोग मिला हमें परंतु हम सेटिस्फाइड हैं। उन्होंने हमारे लिए एम्स की रिपोर्ट ली। अब एम्स में लड़के को ले जाया गया। उन्होंने चेक किया। उसके बाद उन्होंने ब्रेन डेड डिक्लेयर किया। क्योंकि यह मेरा अपने लड़के का मामला नहीं है। ऐसे इस भारत देश में पता नहीं कितने लड़के पड़े रहते हैं।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिकारियों ने गाजियाबाद स्थित हरीश राणा के आवास पर पहुंच कर उनके परिवार से बातचीत की। वहां के जिलाधिकारी ने बताया कि परिवार को ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई है।

**********

प्रदेश सरकार ने बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत अप्रैल से, राज्य भर के आंगनवाड़ी केंद्रों में एक चेहरा पहचान प्रणाली –एफआरएस शुरू की जाएगी। नयी व्यवस्था लागू होने के बाद पूरक पोषण का ऑफलाइन वितरण अब मान्य नहीं होगा।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड कल जारी कर दिए गए। एक रिपोर्ट–

*अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट यूपी पीबी पीबी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर एडमिट कार्ड डाउन लोड कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 14 और 15 मार्च 2026 को राज्य के 75 जिलों में बने परीक्षा केंद्रों पर होगा। दोनों दिन परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के जरिए कुल चार हजार 543 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। वहीं परीक्षा को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां तेज हो गई हैं। हापुड़ और शामली में कल वहां के जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा में पूरी पारदर्शिता और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।*

**********

प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाने के उद्देश्य से लागू की गई ई–ऑफिस प्रणाली में गोरखपुर के मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सरकारी फाइलों का निस्तारण ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है।

**********